शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

# राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी–विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल—462 011
दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

क्र. / राशिके / पापु / 2023 / 1618 भोपाल,दिनांक 12/7/23

प्रति,

कलेक्टर
समस्त जिले म.प्र.

विषय – ओलम्पियाड सत्र 2023–24 के आयोजन हेतु।

उपर्युक्त विषय में लेख है कि सत्र 2023–24 में प्रदेश के समस्त प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 2 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए ओलम्पियाड एवं Word Power Championship तथा माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 6 से 8 तक के सभी विद्यार्थियों के लिए ओलम्पियाड का आयोजन आगामी माह में किया जाना है। कक्षा 2 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए ओलम्पियाड 02 चरणों (जनशिक्षा केन्द्र स्तरीय एवं जिला स्तरीय) में होगा। ओलम्पियाड में सहभागिता हेतु पंजीयन आनलाईन पोर्टल के माध्यम से **दिनांक 05.07.2023 से 20.07.2023** तक होंगे। समस्त प्रतियोगिता के आयोजन हेतु जिला स्तर से ए.पी.सी अकादमिक नोडल अधिकारी होंगे। प्रतियोगिता का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है

| क्र | स्तर | कक्षा | सम्मिलित विषय |
|---|---|---|---|
| 01 | जन शिक्षा केन्द्र एवं जिला स्तर | 2–3 | अंग्रेजी, हिन्दी एवं गणित |
| 02 | | 4–5 | अंग्रेजी, हिन्दी, गणित एवं पर्यावरण अध्ययन |
| 03 | | 6–8 | हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित एवं प्रश्न मंच |

प्रतियोगिता की सम्भावित तिथियाँ –

| स्तर | तिथि | प्रतियोगिता स्थल |
|---|---|---|
| **प्रथम चरण** जन शिक्षा केन्द्र स्तरीय | 19 अगस्त 2023 शनिवार | प्रत्येक जनशिक्षा केन्द्र |
| **द्वितीय चरण** जिला स्तरीय | 28–29 सितम्बर 2023 गुरुवार, शुक्रवार | प्रत्येक विकासखण्ड मुख्यालय |
| राज्य स्तरीय | जनवरी 2024 | राज्य द्वारा निर्धारित स्थान |

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के द्वारा सहभागिता निम्नानुसार की जावेगी –

प्राथमिक स्तर –

- प्राथमिक स्तर के ओलम्पियाड एवं Word Power Championship में प्रत्येक शासकीय प्राथमिक विद्यालय से कक्षा 2 से 5 तक की प्रत्येक कक्षा से 02-02 विद्यार्थी अर्थात् एक विद्यालय से कुल 08 विद्यार्थी जनशिक्षा केन्द्र स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे।
- जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर कक्षा 2 एवं 3 के विद्यार्थियों के लिए 01 प्रश्न पत्र होगा जिसमें अंग्रेजी (20 प्रश्न), हिन्दी (15 प्रश्न) एवं गणित (15 प्रश्न) इस प्रकार तीनों विषयों के कुल 50 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।

- कक्षा 4 एवं 5 के विद्यार्थियों के लिए 01 प्रश्न पत्र होगा जिसमें अंग्रेजी (20 प्रश्न), हिन्दी (10 प्रश्न), गणित (10 प्रश्न) एवं पर्यावरण (10 प्रश्न) इस प्रकार चार विषयों के कुल 50 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।
- प्रत्येक जनशिक्षा केन्द्र से कक्षा 2 एवं 3 के तीनों विषयों (अंग्रेजी, हिन्दी, गणित) मे प्रत्येक से 04–04 विद्यार्थी तथा कक्षा 4 एवं 5 से चारों विषयों (अंग्रेजी, हिन्दी, गणित पर्यावरण) मे प्रत्येक से 04–04 विद्यार्थी अर्थात् प्रत्येक जनशिक्षा केन्द्र से कक्षा 2–5 के कुल 28 विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होंगे।
- जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कक्षा 2–3 के लिए तीनो विषयों (अंग्रेजी, हिन्दी, गणित) का अलग–अलग प्रश्न पत्र होगा जिसमें 50–50 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।
- जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कक्षा 4–5 के लिए चारों विषयों (अंग्रेजी, हिन्दी, गणित, पर्यावरण) का अलग–अलग प्रश्न पत्र होगा जिसमें 50–50 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।
- प्रत्येक जिले से कक्षा 2–3 में से तीनों विषयों में अलग–अलग 02–02 विद्यार्थी तथा कक्षा 4–5 में से चारों विषयों में अलग–अलग 02–02 विद्यार्थी अर्थात् प्रत्येक जिले से कक्षा 2–5 के कुल 14 विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तर के लिए किया जाएगा।
- प्रत्येक स्तर की प्रतियोगिता में चयनित 02 विद्यार्थियों के समान अंक होने पर कम उम्र वाले विद्यार्थी (जन्मतिथि के आधार पर) को प्राथमिकता दी जावेगी।
- जनशिक्षा केन्द्र एवं जिला स्तर पर प्रतियोगिता का समय 1:30 घण्टा रहेगा।
- सभी स्तर की प्रतियोगिता ओ.एम.आर. शीट पर होगी।

**माध्यमिक स्तर** – प्रत्येक शासकीय माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 6 से 8 तक की कक्षाओं में नामांकन के आधार पर सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों की संख्या निम्नानुसार होगी

| क्र | कक्षा 6 से 8 में नामांकन | प्रत्येक विद्यालय से जनशिक्षा केन्द्र स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 1–20 | 06 |
| 2 | 21–40 | 08 |
| 3 | 41–80 | 16 |
| 4 | 81–150 | 18 |
| 5 | 151–500 | 24 |
| 6 | 500 से अधिक | 48 |

- ❖ जनशिक्षा केन्द्र स्तरीय प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 के लिए एक ही प्रश्न पत्र होगा। जिसमें में छः विषय होंगे–प्रथम हिन्दी, द्वितीय–संस्कृत, तृतीय अंग्रेजी, चतुर्थ–विज्ञान, पंचम–गणित एवं षष्ठ–प्रश्न मंच। प्रत्येक विषय के पृथक्–पृथक् 20–20 प्रश्नों को मिलाकर कुल 120 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।
- ❖ जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर छः विषयों के लिए सर्वाधिक अंको के आधार पर प्रत्येक विषय से 04–04 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा अर्थात् एक जनशिक्षा केन्द्र से कुल 24 विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए होगा।
- ❖ जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 के प्रतिभागियों हेतु छः विषयों (हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित एवं प्रश्न मंच) के लिए पृथक्–पृथक् प्रश्न पत्र होंगें जिसमें प्रत्येक विषय से संबंधित बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ 50–50 प्रश्न होगें।
- ❖ जिला स्तरीय प्रतियोगिता 02 दिवसों में होगी।

- जिला स्तरीय प्रतियोगिता के आधार पर छः विषयों (हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान एवं प्रश्न मंच) मे पृथक्--पृथक् 02--02 प्रतिभागियों अर्थात प्रत्येक जिले से 12 प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तर के लिए होगा।
- प्रत्येक स्तर की प्रतियोगिता में चयनित 02 विद्यार्थियों के समान अंक होने पर कम उम्र वाले विद्यार्थी (जन्मतिथि के आधार पर) को प्राथमिकता दी जावेगी।
- जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर प्रतियोगिता का समय 2:30 घण्टा एवं जिला स्तर पर 1:30 घण्टा रहेगा।
- सभी स्तर पर प्रतियोगिता ओ.एम.आर. शीट पर होगी।

**जिला स्तर से अपेक्षा --**

- प्रतियोगिता के लिए निर्धारित मापदण्ड अनुसार प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों का पंजीयन **दिनांक 05.07.2023 से 20.07.2023** तक करवाना।
- राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा उपलब्ध करवाऍ गए कक्षा 2 से 8 के प्रत्येक विषय से संबंधित प्रश्न बैंक में दिए गए प्रश्नों का अभ्यास विद्यार्थियों को करवाना।
- प्राथमिक स्तर कक्षा 2 एवं 3 के विद्यार्थियों हिन्दी, गणित एवं अंग्रेजी की कक्षा 2--3 पाठ्यपुस्तकों में दी गई विषय-वस्तु का अध्ययन- अध्यापन करवाना।
- कक्षा 4 एवं 5 के विद्यार्थियों को कक्षा 2 से 5 की हिन्दी, अंग्रेजी, गणित की पाठ्यपुस्तकों के साथ ही कक्षा 4 एवं 5 की पर्यावरण अध्ययन की पाठ्यपुस्तकों का भी अध्ययन--अध्यापन करवाया जाए।
- कक्षा 2 से 5 के लिए अंग्रेजी भाषा हेतु Word Power Championship अन्तर्गत उपलब्ध करवाई जा रही सामग्री से भी अभ्यास करवाना।
- प्रदेश के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 6 से 8 के सभी विद्यार्थियों को हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित एवं प्रश्न मंच (सामजिक विज्ञान) हेतु संबंधित विषय के कक्षा 7 वीं तक के पाठ्यक्रम से संबंधित विषय वस्तु का गहराई से अध्यापन करवाया जाए।
- जिला स्तरीय प्रतियोगिता प्रत्येक विकासखण्ड मुख्यालय पर आयोजित होगी, जिसमें प्राथमिक एवं माध्यमिक के लिए 02 केन्द्रों एवं प्रतिभागियों के लिए बैठक तथा अन्य व्यवस्थाएँ करना।
- जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विकासखण्ड स्तर पर सहभागिता करने वाले प्रतिभागियों एवं शिक्षकों/अभिभावकों के लिए 02 दिवस में भोजन व्यवस्था करना।
- कोई भी विद्यार्थी जिला स्तर से राज्य स्तर के लिए केवल 01 प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जावेगा इसका विकल्प (किसी एक विषय हेतु सहमति) विद्यार्थियों से लिखित में प्राप्त की जाएगी।
- जिला स्तर पर चयनित कोई प्रतिभागी यदि राज्य स्तर पर सहभागिता नहीं करना चाहता है उससे लिखित सहमति प्राप्त कर अगले कम वाले विद्यार्थी को अवसर दिया जाए।

जनशिक्षा केन्द्र एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिताएँ निर्धारित तिथियों में आयोजित करवाई जाए, वित्तीय प्रावधान के संबंध में पृथक् से निर्देश जारी किए जाएगें, राशि का उपयोग भण्डार क्रय नियमों का पालन करते हुए किया जाए।

**संलग्न -- परिशिष्ट (विस्तृत निर्देश)**

(धनराजू एस.)
संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र

पृ. क्र./राशिके/पापु/2023/1619
भोपाल,दिनांक 1/7/23

प्रतिलिपि,

1. निज सचिव, माननीय मंत्री, स्कूल शिक्षा विभाग,म.प्र.शासन की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, म.प्र.शासन की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।

3. आयुक्त, लोकशिक्षण संचालनालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. आयुक्त,जनजातीय कार्य विभाग,म.प्र.शासन की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, समस्त जिले म.प्र. की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
6. संयुक्त संचालक, लोकशिक्षण, समस्त सम्भाग, म.प्र. की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
7. जिला शिक्षाधिकारी, समस्त जिले म.प्र.की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. प्राचार्य, IASE / CTE / डाइट समस्त म.प्र. की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
9. जिला परियोजना अधिकारी, समस्त जिले, म.प्र की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
10. सहायक आयुक्त,जनजातीय कार्य विभाग, संबंधित जिले म.प्र. की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
11. विकासखण्ड स्रोत समन्वयक, समस्त विकासखण्ड म.प्र की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
12. जनशिक्षा केन्द्र प्रभारी, समस्त, म.प्र की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
13. प्रधानाध्यापक, समस्त विद्यालय, म.प्र. की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
14. नोडल अधिकारी डॉ.रवीन्द्र त्रिपाठी एवं डॉ.अशोक व्यास राज्य शिक्षा केन्द, भोपाल की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
15. आई.सी.टी. कक्ष की ओर पोर्टल पर अपलोड़ करने हेतु।

11/07/2023

संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र

# परिशिष्ट – अ

## प्रतियोगिता में सहभागिता करने वालों का विवरण

**प्राथमिक स्तर –**

- प्राथमिक स्तर के ओलम्पियाड एवं Word Power Championship में प्रत्येक शासकीय प्राथमिक विद्यालय से कक्षा 2 से 5 तक की प्रत्येक कक्षा से 02–02 विद्यार्थी अर्थात् एक विद्यालय से कुल 08 विद्यार्थी जनशिक्षा केन्द्र स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे। इस प्रकार प्रदेश के कुल 79215 प्राथमिक विद्यालयों से 633720 विद्यार्थी जनशिक्षा केन्द्र स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे।
- जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर कक्षा 2 एवं 3 के विद्यार्थियों के लिए 01 प्रश्न पत्र होगा जिसमें अंग्रेजी (20 प्रश्न), हिन्दी (15 प्रश्न) एव गणित (15 प्रश्न) इस प्रकार तीनों विषयों के कुल 50 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।
- कक्षा 4 एवं 5 के विद्यार्थियों के लिए 01 प्रश्न पत्र होगा जिसमें अंग्रेजी (20 प्रश्न), हिन्दी (10 प्रश्न), गणित (10 प्रश्न) एवं पर्यावरण (10 प्रश्न) इस प्रकार चार विषयों के कुल 50 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।
- जन शिक्षा केन्द्र स्तर पर प्रतियोगिता का समय प्रातः 11:00 से 12:30 बजे तक होगा।
- प्रत्येक जनशिक्षा केन्द्र से कक्षा 2 एवं 3 के तीनों विषयों (अंग्रेजी, हिन्दी, गणित) में प्रत्येक से 04–04 विद्यार्थी तथा कक्षा 4 एवं 5 से चारों विषयों (अंग्रेजी, हिन्दी, गणित पर्यावरण) मे प्रत्येक से 04–04 विद्यार्थी अर्थात् प्रत्येक जनशिक्षा केन्द्र से कक्षा 2–5 के कुल 28 विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होंगे।
- जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कक्षा 2–3 के लिए तीनो विषयों (अंग्रेजी, हिन्दी, गणित) का अलग–अलग प्रश्न पत्र होगा जिसमें 50–50 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।
- जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कक्षा 4–5 के लिए चारों विषयों (अंग्रेजी, हिन्दी, गणित, पर्यावरण) का अलग–अलग प्रश्न पत्र होगा जिसमें 50–50 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।
- जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सभी विषयों के लिए प्रतियोगिता का समय अलग–अलग होगा।
- प्रत्येक जिले से कक्षा 2–3 में से तीनों विषयों में अलग–अलग 02–02 विद्यार्थी तथा कक्षा 4–5 में से चारों विषयों में अलग–अलग 02–02 विद्यार्थी अर्थात् प्रत्येक जिले से कक्षा 2–5 के कुल 14 विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तर के लिए किया जाएगा।
- प्रत्येक स्तर की प्रतियोगिता में चयन में 02 विद्यार्थियों के समान अंक आने पर कम उम्र वाले विद्यार्थी (जन्मतिथि के आधार पर) को प्राथमिकता दी जावेगी।
- जनशिक्षा केन्द्र एवं जिला स्तर पर प्रतियोगिता का समय 1:30 घण्टा रहेगा।
- सभी स्तर की प्रतियोगिता ओ.एम.आर. शीट पर होगी।

**प्राथमिक स्तर कक्षा 2 से 5 के लिए जिला स्तरीय प्रतियोगिता प्रत्येक विकासखण्ड मुख्यालय (कुल 322) पर 01 दिवस में ही आयोजित होगी। प्रतियोगिता का समय निम्नानुसार रहेगा –**

| क. | कक्षा स्तर | समय | विषय |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 से 5 | प्रातः 10:00 से 11:30 | अंग्रेजी |
| | | दोप. 12:00 से 1:30 | हिन्दी |
| | | दोप. 02:00 से 3:30 | गणित |
| | | सायं 04:00 से 5:30 | पर्यावरण (केवल कक्षा 4–5 के लिए) |

## माध्यमिक स्तर

| स्तर | प्रतियोगिता करवाने वाले संस्थानों की संख्या | सहभागिता करने वाले छात्रों की संख्या | चयनित विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| विद्यालय स्तर | 30184 | 30184 शालाओं के समस्त छात्र अनुमानित संख्या 2500000 | प्रत्येक माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 6 से 8 तक में विद्यार्थियों की संख्या अनुसार सहभागिता निम्नानुसार होगी – 1. नामांकन 1–20 से 06 विद्यार्थी 2. नामांकन 21–40 में से 08 विद्यार्थी 3. नामांकन 41–80 में से 16 विद्यार्थी 4. नामांकन 81–150 में से 18 विद्यार्थी 5. नामांकन 151–500 में से 24 विद्यार्थी 6. नामांकन 500 से ज्यादा में से 48 विद्यार्थी इस प्रकार से जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों की संख्या **467106** |
| **प्रथम चरण** जन शिक्षा केन्द्र स्तर | 3099 (प्रत्येक जनशिक्षा केन्द्र) | 467106 विद्यार्थी ओ.एम.आर. शीट आधारित प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे प्रतियोगिता में एक ही प्रश्न पत्र होगा जिसमें छः विषयों (हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित एवं प्रश्न मंच) से संबंधित 20–20 प्रश्न सम्मिलित करते हुए कुल 120 प्रश्न पूछे जाऐंगें, प्रतियोगिता का समय प्रातः 11:00 से 01:30 बजे तक होगा जो 2:30 घण्टे निर्धारित होगा | 04 विद्यार्थी प्रति विषय प्रति जनशिक्षा केन्द्र, अर्थात एक विषय के लिए कुल 3099 जनशिक्षा केन्द्रों से 12396 विद्यार्थी तथा 06 विषयों में कुल 74376 विद्यार्थी जिला स्तर के लिए चयनित होंगे जो जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे |
| **द्वितीय चरण** जिला स्तर | 322 (प्रत्येक विकासखण्ड) | एक विषय के लिए 12396 विद्यार्थी, 06 विषयों में कुल 74376 विद्यार्थी ओ.एम.आर शीट आधारित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे। इस स्तर पर प्रतियोगिता में छः विषयों के लिए पृथक–पृथक प्रश्न पत्र होंगें जिसमें प्रत्येक | प्रत्येक जिले से 02 विद्यार्थी प्रति विषय चयनित किए जाएगें अर्थात् 06 विषयों से 12 विद्यार्थी चयनित किए जाएगे राज्य स्तर की प्रतियोगिता / सम्मान समारोह के लिए विद्यार्थी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | विषय से 50–50 प्रश्न होगें। यह प्रतियोगिता 2 दिवसों में आयोजित की जाएगी जिसमें प्रत्येक के लिए 1:30 घण्टे का समय निर्धारित होगा। | किसी एक ही विषय में सहभागिता कर सकेंगे। अर्थात् 52 जिलों से 624 विद्यार्थी राज्य स्तर पर सहभागिता करेंगे |
| राज्य स्तर | 01 | हिन्दी ओलम्पियाड 104<br>संस्कृत ओलम्पियाड – 104<br>अंग्रेजी ओलम्पियाड – 104<br>विज्ञान ओलम्पियाड – 104<br>गणित ओलम्पियाड 104<br>प्रश्न मंच – 104<br>प्राथमिक स्तर 728<br>**कुल प्रतिभागी** – 1352 | राज्य स्तर के कार्यक्रम की जानकारी पृथक् से दी जावेगी |

माध्यमिक स्तर कक्षा 6 से 8 के लिए जिला स्तरीय प्रतियोगिता प्रत्येक विकासखण्ड मुख्यालय (कुल 322) पर 02 दिवसों में आयोजित होगी। प्रतियोगिता का समय निम्नानुसार रहेगा –

| क. | दिवस | कक्षा स्तर | समय | विषय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम दिवस | 6 से 8 | प्रातः 10:00 से 11:30 | हिन्दी |
| | | | दोप. 12:00 से 1:30 | संस्कृत |
| | | | दोप. 02:00 से 3:30 | अंग्रेजी |
| 2 | द्वितीय दिवस | 6 से 8 | प्रातः 10:00 से 11:30 | विज्ञान |
| | | | दोप. 12:00 से 1:30 | गणित |
| | | | दोप. 02:00 से 3:30 | प्रश्नमंच |

# परिशिष्ट — ब

प्रत्येक स्तर हेतु अनुमानित बजट – प्रतियोगिता हेतु निर्धारित व्यय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान एवं प्रबन्धन मद से किया जाना प्रस्तावित है :-

| स्तर | अनुमानित व्यय | कार्य |
|---|---|---|
| विद्यालय स्तर | विद्यालय से जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर सहभागिता के लिए प्रति विद्यार्थी रु. 50/– (पचास रुपये) के मान से व्यय किया जाए 1100826 X 50 = 5,50,41,300 | यात्रा व्यय, आकस्मिक निधि से विद्यालय द्वारा |
| जनशिक्षा केन्द्र स्तर | 3099 X 1500 = 46,48,500 | आकस्मिक व्यय, प्रतियोगिता व्यवस्था |
| जिला स्तर (प्रत्येक विकासखण्ड) | 161148 X 300 = 4,83,44,400 | यात्रा व्यय, विद्यार्थी एवं शिक्षक पृथक्–पृथक् |
| | 322 X 5000 = 16,10,000 | आकस्मिक व्यय, प्रतियोगिता व्यवस्था |
| | 161148 X 120 = 1,93,37,760 | भोजन व्यवस्था व्यय विद्यार्थी एवं शिक्षक/अभिभावक |
| जिला स्तर पर सम्मान समारोह | 52 X 100000 = 52,00000 | भोजन, आवास, यात्रा व्यय आदि समस्त व्यवस्थाएँ |
| **महायोग** | **13,41,81,960** | |

# परिशिष्ट – स

## विस्तृत कार्ययोजना

विद्यालय स्तर से अपेक्षा –

- ❖ प्रदेश के प्रत्येक शासकीय प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 2–3 के समस्त विद्यार्थियों हेतु कक्षा स्तर अनुरूप अंग्रेजी, हिन्दी एवं गणित तथा कक्षा 4–5 के विद्यार्थियों को अंग्रेजी, हिन्दी, गणित एवं पर्यावरण अध्ययन का विस्तृत अध्ययन करवाया जाए।
- ❖ प्रदेश के प्रत्येक शासकीय माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 6 से 8 के सभी विद्यार्थियों को हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित एवं प्रश्न मंच ओलम्पियाड हेतु संबंधित विषय में कक्षा 7 वीं तक के पाठ्यक्रम से संबंधित विषय वस्तु का गहराई से अध्यापन करवाया जए।
- ❖ प्रश्न मंच हेतु सामाजिक विज्ञान कक्षा 6 से 8 के साथ-साथ निम्नांकित विषयों से संबंधित प्रश्नों को सम्मिलित किए जाएँगे –

| क. | विषय |
|---|---|
| 1 | विश्व इतिहास |
| 2 | प्राचीन भारत |
| 3 | मध्य भारत |
| 4 | आधुनिक भारत |
| 5 | भूगोल |
| 6 | विज्ञान एवं गणित |
| 7 | खेल |
| 8 | सिनेमा एवं संस्कृति |
| 9 | समसामयिक(अन्तर्राष्ट्रीय) |
| 10 | समसामयिक (राष्ट्रीय) |
| 11 | मध्यप्रदेश से संबंधित |
| 12 | भारत का संविधान |
| 13 | राजनीति |

- ❖ राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा कक्षा 2 से 8 के लिए उपलब्ध करवाएँ गए प्रत्येक विषय से संबंधित प्रश्न बैंक में दिए गए प्रश्नों से छात्रों को अभ्यास करवाएँ जाए।
- ❖ विद्यालय स्तर से चयनित विद्यार्थी हिन्दी, संस्कृत अंग्रेजी, विज्ञान, गणित एव प्रश्न मंच, ओलम्पियाड की जनशिक्षा केन्द्र स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।
- ❖ विद्यालय स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को जनशिक्षा केन्द्र स्तरीय प्रतियोगिता में निर्धारित दिनांक को सहभागिता करवाने का उत्तर दायित्व प्राचार्य/प्रधानाध्यापक का होगा।
- ❖ चयनित समस्त विद्यार्थियों के लिए वस्तुनिष्ठ प्रश्नों पर आधारित लिखित परीक्षा ओ.एम.आर.शीट पर होगी।
- ❖ विद्यार्थियों को विगत वर्ष की ओ.एम.आर.शीट पर अभ्यास करवाएँ।
- ❖ विद्यार्थी अपने साथ एच.बी. पेंसिल, काले अथवा नीले रंग का बाल पेन लेकर जावेंगे।

- जनशिक्षा केन्द्र स्तर तक विद्यार्थियों को उपस्थित कराने हेतु प्रति विद्यार्थी रु. 50/– (पचास रुपये) के मान से जो व्यय भार आएगा उसे शाला प्रबन्धन मद से विद्यालय द्वारा व्यय किया जा सकेगा।
- जिला स्तरीय प्रतियोगिता प्रत्येक विकासखण्ड मुख्यालय पर होगी। जन शिक्षा केन्द्र स्तर से चयनित विद्यार्थियों की उपस्थिति जिला स्तरीय प्रतियोगिता में करवाने के लिए विद्यार्थी एवं शिक्षक/अभिभावक की यात्रा हेतु परिवहन की व्यवस्था जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा की जावेगी।

**जनशिक्षा केन्द्र स्तर से अपेक्षा** –

- सभी जनशिक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में से चयनित बच्चों की सूची प्राप्त कर राज्य द्वारा उपलब्ध कराए गए पोर्टल/एप पर पंजीयन करेंगे एवं जनशिक्षा केन्द्र को भी उपलब्ध करवाएँगें।
- जनशिक्षा केन्द्र प्रभारी अपने अधीनस्थ सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों की संख्या अनुसार राज्य द्वारा निर्धारित तिथि पर बच्चों की बैठक एवं प्रतियोगिता संबंधी अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करेंगे।
- प्रतियोगिता तिथि को प्रातःकाल जनशिक्षा केन्द्र पर ही पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या के मान से सीलबन्द प्रश्न पत्र एवं ओ.एम.आर. शीट उपलब्ध करवाएँ जाएगें जिन्हें प्राप्त करना।
- प्रतियोगिता निर्धारित तिथि को प्राथमिक स्तर के लिए प्रातः 11:00 बजे से दोप 12:30 बजे तक तथा माध्यमिक स्तर के लिए प्रातः 11:00 बजे से दोप 1:30 बजे तक आयोजित होगी।
- प्राथमिक स्तर पर कक्षा 2 एवं 3 के लिए एक प्रश्न पत्र होगा जिसमें अंग्रेजी, हिन्दी एवं गणित विषय के कुल 50 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे
- कक्षा 4 एवं 5 के लिए एक प्रश्न पत्र होंगे जिसमें अंग्रेजी, हिन्दी, गणित एवं पर्यावरण से संबंधित 50 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न होगें।
- माध्यमिक स्तर पर कक्षा 6 से 8 के लिए एक प्रश्न पत्र होगा जिसमें छः विषयों के प्रश्न होंगे। प्रश्न पत्र का स्वरूप इस प्रकार होगा कि प्रथम खण्ड–हिन्दी, द्वितीय खण्ड–संस्कृत तृतीय खण्ड–अंग्रेजी, चतुर्थ खण्ड–विज्ञान, पंचम खण्ड–गणित एवं षष्ठ खण्ड–प्रश्न मंच का होगा जिसमें प्रत्येक खण्ड के 20–20 प्रश्नों को मिलाकर कुल 120 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।
- प्रत्येक प्रश्न के अंक समान होंगे
- प्रतियोगिता ओ.एम.आर. शीट पर होगी।
- प्रतियोगिता में ओ.एम.आर शीट भरने का कार्य एच.बी पेंसिल, काले अथवा नीले बालपेन से ही किया जाना है।
- प्रतियोगिता उपरान्त प्रश्न पत्र विद्यार्थियों अपने साथ ले जा सकेंगे।
- प्रतियोगिता उपरान्त ओ.एम.आर. शीट को सीलबन्द कर लिफाफे में इस प्रकार पैक किया जाए की वह मुडे नहीं और ना ही फटे।
- अनुपस्थित विद्यार्थियों के रोल नं. लिखी कागज की पर्ची एवं खाली तथा गलत हुई ओ.एम.आर.शीट लिफाफे में नहीं रखी जाए।
- लिफाफे को पेक करने के लिए गौद/तरल पदार्थ का उपयोग नहीं किया जाए।
- ओ.एम.आर.शीट का सील बन्द लिफाफा एवं उपस्थिति पत्रक सभी जनशिक्षा केन्द्र प्रभारियों द्वारा बीआरसीसी को उपलब्ध करवाएँगे।
- जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर कक्षा 2–3, कक्षा 4–5 एवं कक्षा 6–8 के लिए प्राविण्य सूची विषयवार पृथक्– पृथक् तैयार की जावेगी।

- प्राथमिक स्तर पर कक्षा 2 एवं 3 में से प्रत्येक विषय अंग्रेजी, हिन्दी एवं गणित से 04 04 अर्थात् कुल 12 प्रतिभागी चयनित होंगे।
- कक्षा 4 एवं 5 में से प्रत्येक विषय अंग्रेजी, हिन्दी, गणित एवं पर्यावरण से 04 04 अर्थात कुल 16 प्रतिभागी चयनित होंगे
- प्रत्येक जनशिक्षा केन्द्र स्तर से कक्षा 2 से 5 के कुल 28 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।
- माध्यमिक स्तर कक्षा 6 से 8 के लिए छः विषयों हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित एवं प्रश्नमंच में अलग--अलग 04 -04 विद्यार्थी चयनित होंगे इस प्रकार एक जन शिक्षा केन्द्र से कुल 24 प्रतिभागी जिला स्तर पर सहभागिता करेंगें।
- जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु प्रत्येक जनशिक्षा केन्द्र से कक्षा 2 से 8 के कुल 52 प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा।
- समान अंक प्राप्त होने पर सबसे कम उम्र वाले का चयन पहले होगा उसके बाद बढ़ते क्रम में होगा
- शेष बचे अप्रयुक्त प्रश्न पत्र एवं ओ.एम.आर शीट को विद्यालयों को अभ्यास हेतु वितरित किए जाए।

विकासखण्ड स्तर से अपेक्षा

- जनशिक्षा केन्द्र स्तरीय प्रतियोगिता हेतु प्रश्न पत्र, ओ.एम.आर. शीट आदि सामग्री प्रतियोगिता केन्द्रों को उपलब्ध कराएँगे।
- जनशिक्षा केन्द्र स्तरीय प्रतियोगिता उपरान्त जन शिक्षा केन्द्र से प्राप्त सील बन्द ओ.एम.आर शीट एवं उपस्थिति पत्रक डी.पी.सी को उपलब्ध कराएँगे।
- जनशिक्षा केन्द्र स्तरीय प्रतियोगिता के मूल्यांकन उपरान्त विकासखण्ड के जनशिक्षा केन्द्रों से चयनित प्रतिभागियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए सूचित करना एवं तैयारी करवाना।
- जिला स्तरीय प्रतियोगिता विकासखण्ड मुख्यालय पर प्राथमिक कक्षाओं 2 से 5 के लिए 01 दिवस में एवं माध्यमिक कक्षाओं 6 से 8 की प्रतियोगिता 02 दिवसों में आयोजित होगी।
- जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु 02 केन्द्रों (प्राथमिक एवं माध्यमिक के लिए पृथक पृथक) का निर्धारण एवं प्रतिभागियों के लिए बैठक आदि की व्यवस्था।

जिला स्तर से अपेक्षा

- सम्पूर्ण कार्यक्रम (सभी स्तरों के लिए) के लिए ए.पी.सी अकादमिक जिले के नोडल अधिकारी होंगे।
- जिले के समस्त विद्यालयों एवं शिक्षकों को राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा कक्षा 2 से 8 के लिए बनाए गए प्रत्येक विषय के प्रश्न बैंक की हार्ड एवं साफ्ट कापी उपलब्ध करवाना एवं विद्यार्थियों को प्रश्नों का अभ्यास हेतु निर्देशित करना।
- राज्य स्तर से जनशिक्षा केन्द्र एवं जिला स्तर हेतु सीलबन्द प्रश्न पत्र, ओ.एम.आर.शीट आदि सामग्री प्राप्त करना।
- जनशिक्षा केन्द्र स्तर की प्रतियोगिता के लिए प्रश्न पत्र, ओएमआर शीट आदि का निर्धारित दिनांक को वितरण करवाना।
- बीआरसीसी से जनशिक्षा केन्द्र स्तर की प्रतियोगिता उपरान्त सील बन्द ओ.एम.आर शीट एवं उपस्थिति पत्रक प्राप्त करना।
- जिले को प्राप्त जनशिक्षा केन्द्रवार ओ.एम.आर शीट एवं उपस्थिति पत्रक मूल्यांकन हेतु निर्धारित दिनांक को भोपाल में जमा करवाना।
- जनशिक्षा केन्द्र स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित प्राथमिक एवं माध्यमिक के विद्यार्थियों को बी.आर.सी.सी. के माध्यम से सूचित करना।

- ❖ जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु राज्य स्तर से सील बन्द विषयवार प्रश्न पत्र, ओ.एम.आर. शीट प्राप्त करना।
- ❖ प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षाओं के सभी विषयों के प्रश्न पत्र एवं ओ.एम.आर. शीट को प्रतियोगिता हेतु निर्धारित दिनाक को प्रतियोगिता केन्द्र जिले के प्रत्येक विकासखण्ड को उपलब्ध करवाना।
- ❖ जिला स्तरीय प्रतियोगिता विकासखण्ड मुख्यालय पर प्राथमिक कक्षाओं 2 से 5 के लिए 01 दिवस मे एव माध्यमिक कक्षाओ 6 से 8 की प्रतियोगिता 02 दिवसों में आयोजित होगी।
- ❖ जिला स्तरीय प्रतियोगिता उपरान्त प्रत्येक विकासखण्ड से विषयवार सीलबन्द ओ.एम.आर. शीट एवं उपस्थिति पत्रक प्राप्त करना एवं निर्धारित दिनांक को मूल्यांकन हेतु राज्य शिक्षा केन्द्र को उपलब्ध करवाना।
- ❖ जिला स्तरीय प्रतियोगिता का परिणाम प्राप्त होने पर जिले से चयनित प्राथमिक कक्षाओं के 14 एवं माध्यमिक कक्षाओं के 12 प्रतिभागियों को सूचित करना।
- ❖ कोई भी विद्यार्थी राज्य स्तर के लिए केवल 01 प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जावेगा इसका विकल्प (किसी एक विषय हेतु सहमति) विद्यार्थियों से लिखित में प्राप्त किया जाए।
- ❖ समान अंक प्राप्त होने पर सबसे कम उम्र वाले विद्यार्थी का चयन पहले होगा उसके बाद बढते कम में चयन होगा।
- ❖ जिला स्तर पर चयनित कोई भी प्रतिभागी यदि राज्य स्तर पर सहभागिता नहीं करना चाहता है उससे लिखित सहमति प्राप्त कर अगले कम वाले विद्यार्थी को अवसर दिया जाए।
- ❖ जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए विकासखण्ड मुख्यालय पर आने वाले सभी प्रतिभागियो एव शिक्षकों/अभिभावकों के लिए भोजन की व्यवस्था की जाए।
- ❖ भोजन हेतु प्रत्येक सहभागी एवं शिक्षक/अभिभावक हेतु पृथक-पृथक राशि रु. 60-60 रुपये (साठ-साठ रुपये) व्यय की जा सकेगी।
- ❖ सहभागिता करने वाले समस्त प्रतिभागियों एवं शिक्षको/अभिभावको के परिवहन हेतु बस/कार/मिनिबस/अन्य की व्यवस्था जिला शिक्षा केन्द्र के RAA मद से किया जाए।
- ❖ राज्य स्तर के लिए चयनित जिले की टीम के छात्र/छात्राओं के नाम सम्पूर्ण विवरण सहित निर्धारित फार्मेट में राज्य शिक्षा केन्द्र के ईमेल पर भेजना।
- ❖ समस्त प्रकार के व्यय भण्डार कय नियमो का पालन करते हुए किए जाए।